## एक नजर

### होली के रंग-योग के संग कार्यक्रम 24 को

**शाहजहांपुर।** योग विज्ञान संस्थान की ओर से 24 मार्च को सीतापुर नेत्र चिकित्सालय योग साधना केंद्र पर होली के रंग योग के संग नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम सुबह छह से 7.30 बजे तक चलेगा। उन्होंने सभी योग साधकों से समय पर पहुंचने का आग्रह किया है।

### सन्मानी वैश्य समाज का होली मिलन 26 को

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय सन्मानी वैश्य समाज का होली मिलन समारोह 26 मार्च को शाम छह बजे रोशनगंज स्थित खां साहब की बगिया में होगा। नत्थूलाल ने बताया कि समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### होली पर दो स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**शाहजहांपुर।** सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि होली के पर्व को लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए चंडीगढ़ से कटिहार के लिए ट्रेन का संचालन होगा। यह ट्रेन चढ़ीगढ़ से 23 मार्च को शाम सवा सात बजे चलेगी, यहां रात में साढ़े तीन बजे पहुंचेगी और कटिहार में रात पौने 12 पहुंचेगी। कटिहार से 25 मार्च को सुबह चार बजे चलेगी, यहां रात में 12 पहुंचेगी और चंडीगढ़ सुबह पौने दस बजे पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन अंबाला कैंट से 21 मार्च की रात नौ बजे चलेगी, यहां रात को साढ़े तीन बजे पहुंचेगी और रात में पौने 12 बजे कटिहार पहुंचेगी। कटिहार से सुबह चार बजे चलेगी यहां रात के 12 बजे पहुंचेगी और अंबाला सुबह नौ बजे पहुंचगी।

### पूर्व आईएएस रामकेशन मिश्रा के निधन पर शोक



**कुर्रिया कलां।** कांट के गांव मल्हपुर निवासी पूर्व आईएएस अधिकारी रामकेशन मिश्रा(80) का निधन ऋषिकेश स्थित उनके निवास पर बुधवार शाम चार बजे हो गया। उनके निधन की सूचना जैसे ही उनके गांव मल्हपुर पहुंची लोगों में शोक छा गया। उनके पार्थिव शरीर को पहले लखनऊ आवास पर ले जाया गया। उसके बाद जन्मभूमि मल्हपुर में उनके आवास पर पार्थिव शरीर को शुक्रवार सुबह आठ बजे अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। उनके बड़े बेटे पीयूष का निधन कुछ माह पूर्व हो गया था। रामकेशन मिश्रा का अंतिम संस्कार ढाई घाट गंगा घाट पर शुक्रवार को होगा। बेटा प्रभात मुखाग्नि देगा।

## जर्जर भवन में बने बूथों को बदला गया

**पुवायां।** पुवायां विधानसभा क्षेत्र में जर्जर भवन में बने हुए तीन बूथ को एसडीएम ने बदलवा दिया है। पुवायां विधानसभा क्षेत्र में जर्जर भवन में चल रहे तीन बूथों को एसडीएम पुवायां ने परिवर्तित कराकर दूसरी जगह का प्रस्ताव भेजा है। उधम सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुइया महोलिया वाला बूथ अब प्राथमिक विद्यालय कुइया महोलिया में प्रस्तावित किया गया। किसान इंटर कॉलेज गुटईया का प्राथमिक विद्यालय शहजादपुर में और प्राथमिक पाठशाला कनपारा का कंपोजिट विद्यालय कनपारा में बूथ करने का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

### चुनाव आयोग ने मतदाताओं को दी सुविधा, मतदाता पहचान पत्र गुम होने पर भी नहीं रहना पड़ेगा मतदान से वंचित

# वोटर कार्ड नहीं तो आधार, बैंक पासबुक और ड्राइविंग लाइसेंस से डाल सकेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** अगर आपका वोटर आईडी कार्ड कहीं खो गया है तो घबराने की जरूरत नहीं है। आप बिना वोटर आईडी कार्ड के ही वोट डाल पाएंगे। इसके लिए आपको आधार कार्ड, बैंक पासबुक और ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ 12 ऐसे दस्तावेजों का विकल्प मिलेगा जिन्हें दिखाकर आप आसानी से वोट डाल सकेंगे। आपको कोई भी मतदान से वंचित नहीं कर सकेगा। बस वोटर लिस्ट में आपका नाम होना चाहिए। लोकसभा चुनाव के साथ ही जिले में एक विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव भी होना है। जिसमें चुनाव आयोग 100 फीसदी मतदान कराने व फर्जी मतदान पर अंकुश लगाने के लिए वचनबद्ध है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं के फोटो पहचान के लिए गाइडलाइन जारी की है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि कोई भी अपना वोट डालने से वंचित न रह जाए। सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। एक समय में तमाम लोग मतदाता पहचान पत्र न होने के चलते वोट डालने से वंचित रह जाते थे। जब इस बात की जानकारी चुनाव आयोग को हुई तो आयोग ने मतदाता पहचान पत्र के अलावा भी वैकल्पिक व्यवस्था कर दी। अब मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 दस्तावेज ऐसे हैं, जिन्हें दिखाकर आप अपना वोट डाल सकते हैं।

#### यह पहचान पत्र दिखाएं और वोट डालें

- आधार कार्ड
- मनरेगा जॉब कार्ड
- फोटो युक्त बैंक पासबुक
- श्रम विभाग द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पैन कार्ड
- भारतीय पासपोर्ट
- फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
- केंद्र, राज्य सरकार व पब्लिक कंपनियों द्वारा जारी पहचान पत्र
- सांसदों, विधायकों को जारी सरकारी पहचान पत्र
- दिव्यांग प्रमाण पत्र
- एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड

#### घर-घर पहुंचेंगी मतदाता पर्चियां

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सूचना पर्चियां पहुंचाने का काम बीएलओ करेंगे, जिन्हें पांच दिन पूर्व सभी के घरों में पहुंचाना होगा। सूचना पर्ची में मतदेय स्थल, मतदान की तारीख व समय आदि अंकित होता है, जिससे मतदाता को मतदान केंद्र पहुंचने में सुलभता रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतदाता सूचना पर्ची के साथ एक फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है।



लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में जिन मतदाताओं के पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है, उनके लिए अन्य प्रकार की फोटोयुक्त आईडी कार्ड मान्य रहेंगे। वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह प्रावधान किया गया है। जिससे ज्यादा से ज्यादा वोटिंग हो सके।
**-संजय कुमार पांडेय,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन।

# सुगंधित गुलाल, इत्र और फूलों से महक उठा रामनगर मंदिर

### फागुनोत्सव में श्रद्धालुओं ने मथुरा के कलाकारों के साथ जमकर खेली होली, महिलाओं और पुरुषों ने भावविभोर होकर किया नृत्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रभातफेरी में मथुरा के कलाकारों के साथ भजनों पर नृत्य करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



रामनगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर में फागुनोत्सव में भजन सुनाते दिनेश गोगिया।

**अमृत विचारः** रामनगर कालोनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में होली पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार शाम मंदिर परिसर में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। इस अवसर पर मुख्य आकर्षण मथुरा के कलाकारों की राधा-कृष्ण की झांकी रही। श्रद्धालुओं ने मनमोहक झांकी के दर्शन कर भजनों का आनंद लिया। वहीं, गुरुवार को क्षेत्र में प्रभातफेरी भी निकाली गई। प्रभातफेरी में लोगों ने अबीर-गुलाल और फूलों की होली भी खेली।

बुधवार की शाम रामनगर के श्रीकृष्ण मंदिर का नजारा ही कुछ अलग था। होलिकोत्सव का आनंद लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे मंदिर पहुंच रहे थे। श्याम बाबा और बांके बिहारी जी का दरबार फूलों से सजाया गया था। फागुनोत्सव के आनंद को मथुरा के कलाकारों ने बांके बिहारी जी और राधा रानी की मनमोहक झांकी ने दोगुना कर दिया। श्रद्धालु झांकी को निहार कर आनंदित हो रहे थे। फूलों एवं गुलाल की होली के साथ ही लोगों ने संकीर्तन का भी आनंद लेते हुए भावविभोर होकर जमकर

- **प्रभातफेरी में कालोनीवासियों ने अबीर-गुलाल से किया लड्डू गोपाल का स्वागत**

नृत्य किया। इत्र, अबीर-गुलाल और फूलों की वर्षा से मंदिर परिसर सुगंधित हो उठा। इसके बाद हुई भजन संध्या में शाहबाद के गायक संजय गुप्ता ने होली खेल रहे बांके बिहारी आज रंग बरस रहा, दिनेश गोगिया ने रंग डार गयो री मोपे सांवरा, आशू मिश्रा ने होली खेले रघुवीरा, अवध में होली खेले रघुवीरा आदि भजन प्रस्तुत किए। दीपक सांवरिया ने भी भजन सुनाकर वाहवाही लूटी। भजनों पर श्रद्धालु तालियां बजा-बजाकर मस्ती में झूमते रहे। समापन पर भोग के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने भक्तों का स्वागत किया।

इसी कड़ी में गुरुवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर से लड्डू गोपाल की पालकी यात्रा निकाली गई। लड्डू गोपाल के साथ श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल और फूलों की होली खेलते हुए स्वागत किया। प्रभातफेरी में भी मथुरा के कलाकार शामिल हुए। उन्होंने भी स्थानीय लोगों के साथ जमकर रंग खेला। कालोनी का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी मंदिर परिसर में ही विसर्जित हुई। फूलों की होली खेलते हुए भक्तों ने भजनों पर झूम-झूम कर नृत्य किया। सांस्कृतिक प्रभारी दिनेश गोगिया



प्रभातफेरी में होली का आनंद लेते महिला-पुरुष। ● अमृत विचार

ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में लाजपत बत्रा, अशोक सचदेवा, श्याम सुंदर कपूर, दीपक जोगिया, पार्षद कृष्ण गोपाल बिन्नू, व्यास जी, पुनीत शुक्ला, सरोज, उषा, विजय बत्रा आदि का योगदान रहा।

## डूंडा गांव में खेत में मिले चार शावक



खेत में मिले बच्चे।

**पुवायां।** डूंडा गांव में राजनरायन मिश्रा के खेत में चार शावक मिले। सूचना मिलते ही गांव के लोगों की भारी भीड़ शावको को देखने को उमड़ पड़ी। वन रेंजर वीरेश राव सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारियों ने शावक वन बिलाव या जंगली बिल्ली के होने की बात कही है।

गांव वालों का कहना है कि कुछ महीने पहले गांव के आसपास तेंदुआ को घूमते हुए देखा गया था, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वन विभाग की कड़ी निगरानी के बाद भी तेंदुए का कोई भी पता नहीं लग पाया था। अब ग्रामीण बताते हैं कि गन्ने के खेत में मिले चार बच्चे तेंदुए के ही हो सकते हैं। उधर, वन विभाग के रेंजर वीरेश राव का कहना है कि उन्होंने सूचना पाकर मौके पर जाकर देखा। खेत में मिले चार नवजात बच्चे तेंदुए के नहीं हैं। यह वन बिलाव या जंगली बिल्ली के बच्चे हो सकते हैं। बच्चों का सत्यापन कराया जाएगा। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए वन विभाग के कर्मचारियों को गांव में तैनात कर दिया है।

# मस्जिद में मुकम्मल हुई कुरान, इफ्तार में उमड़े रोजेदार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **कुरान मुकम्मल करने वाले इमाम को किया सम्मानित**
- **रोजा इफ्तार पार्टियों का भी शुरू हुआ सिलसिला**

**अमृत विचारः** रमजान के पाक महीने में रोजेदारों में उत्साह बढ़ता जा रहा है। घरों में महिलाएं और बच्चे रोजा इफ्तार में बढ़चढ़ कर सहभागिता कर रहे हैं। वहीं, तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल करने वाले इमामों को सम्मानित किए जाने और मस्जिदों को सजाने का सिलसिला शुरू हो गया है।

टाउनहाल मस्जिद में इमाम खालिद ने 10वीं तरावीह में कुरान पाक की तिलावत करके कुरान मुकम्मल कर लिया। कुरान मुकम्मल करने के लिए मस्जिद कमेटी के लोगों ने पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी के साथ इमाम की गुलपोशी की और नजराना पेश कर सम्मानित किया। मस्जिद कमेटी के सदर सैयद कासिम रजा ने रोजेदारों का इस्तकबाल किया। शहर इमाम हुजूर अहमद मंजरी ने मुल्क के



कुरान मुकम्मल करने वाले इमाम खालिद को सम्मानित करते कमेटी के लोग।

अमन सुकून व तरक्की की दुआ की। इस मौके पर मुफ्ती राहिल रजा, हाफिज अतीक, मौलाना अनीस रजा, हाफिज इश्तियाक, हाफिज सैयद यजदान रजा, डॉ. इदरीस, आबिद हुसैन, मोहम्मद अहसन रजा समेत बड़ी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

इधर, रमजान के मुबारक महीने में रोजा इफ्तार पार्टियों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। इन पार्टियों में बड़ी संख्या में मुस्लिम शिरकत कर रहे हैं। मोहल्ला महमंद जलालनगर में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। असिर की नमाज के बाद लोगों



रंग-बिरंगी झालरों से सजाई गई टाउनहाल वाली मस्जिद।

का पहुंचना शुरू हुआ। रोजेदार कतारों में बैठते रहे।

मगरिब की अजान होते ही सभी ने खजूर से रोजा इफ्तार किया। इसके बाद तरह-तरह के व्यंजनों का आनंद लिया। इफ्तार पार्टी में सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खां, यश मौर्य, हसन मंसूरी, तनवीर ठेकेदार, हाजी असलम, इमरान खां, कासिम हुसैन खां, तौकीर खां, नासिर, मोहम्मद हाशिम, नेहाल खां, हसन मंसूरी, उजैर, अजीज खान, फैयाज खां, हाफिज मोइनुद्दीन, हाफिज अब्दुल, चमन, अमन खान, शिबू, तहसीन खां, सलाम खां आदि शामिल हुए।

## वीआईपी ग्रुप के होली मिलन में होंगे कार्यक्रम

**शाहजहांपुर।** होली को लेकर शहर में कई कार्यक्रम होंगे। वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स का होली मिलन समारोह 26 मार्च को शाम 5.30 बजे चित्रा टाकीज परिसर में आयोजित किया जाएगा। संयोजक रिद्धि बहल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना होंगे। इस मौके पर हास्य कवि सम्मेलन, रंगारंग कार्यक्रम, विशिष्टजनों का सम्मान आदि कार्यक्रम भी होंगे।

### श्रमजीवी यूनियन को होली मिलन 29 को

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का होली मिलन समारोह 29 मार्च को दोपहर तीन बजे खिरनीबाग धर्मशाला के समीप स्थित सिटी प्वाइंट रेस्टोरेंट में होगा। संयोजक अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी होंगे।

## यूपी बोर्ड : छठे दिन जांची गईं 58555 उत्तर पुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अब धीरे-धीरे सिमटने लगा है। गुरुवार को हाईस्कूल और इंटर की कुल 58555 कॉपियां जांची गईं। जिस तीव्र गति से कॉपियां जांची जा रही हैं, उससे लगता है कि इंटर की कॉपियां होली से पहले ही निपटा ली जाएंगी। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाएं संख्या में काफी अधिक थीं, इसलिए होली के एक-दो दिन बाद उनका मूल्यांकन भी समाप्त हो सकता है। छठे दिन स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 17139 और एबी रिच इंटर कॉलेज में 17403 कॉपियां जांची गईं। जबकि जीआईसी में इंटर की 6074, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज में 5755, इस्लामिया इंटर कॉलेज में 5611 और एसपी कॉलेज में 6573 उत्तर पुस्तिकाएं चेक की



यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करती परीक्षक।

गईं। इस तरह हाईस्कूल की कुल 34542 और इंटर की 24013 उत्तर पुस्तिकाएं चेक की गईं। पर्यवेक्षक दीपक दीक्षित ने बताया कि छठे दिन मूल्यांकन के लिए सभी छह केंद्रों पर 1156 परीक्षक लगाए गए थे। अब इंटर की मात्र 57824 और हाईस्कूल की 112472 कापियां ही शेष रह गई हैं।

## शिक्षित होकर अलग पहचान बनाए लोधी समाज




वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर सभा को संबोधित करते पूर्व डीआईओएस जेके वर्मा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर हुई श्रद्धांजलि सभा**

**अमृत विचारः** लोधी समाज सेवा नायक (लोधी सेना) के तत्वावधान में चिनौर स्थित पार्क में वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया। इस अवसर पर अतिथियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा महानिदेशक डॉ. बद्री विशाल ने लोधी समाज को नशाखोरी से दूर रहने, पूर्व डीआईओएस जेके वर्मा ने समाज को उच्च शिक्षित होने का आह्वान किया। लोधी सेना के राष्ट्रीय संयोजक प्रभात लोधी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री लालजीत लोधी, प्रदेश सचिव हरिराम वर्मा, कार्यक्रम संयोजक गंगा सागर लोधी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। प्रधान ब्रजेश लोधी के संचालन में चले कार्यक्रम में प्रदेश सचिव ईश्वरवती, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कल्याणी देवी, महामंत्री राम खिलौना लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मालती लोधी, माधुरी लोधी, अनुराधा लोधी, सुमन लोधी, पार्षद रीना देवी आदि ने वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में महापौर अर्चना वर्मा, राजेश वर्मा, सर्वेश वर्मा, पूर्व राज्य मंत्री अवधेश वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, आशा शुक्ला, राकेश मधुर, सुरेश वर्मा, फूलचंद लोधी, जिला अध्यक्ष विवेक लोधी, आकाश लोधी, विपिन सिंह वर्मा आदि मौजूद रहे।

**युवाओं में जोश** | जिले में इस बार 18 से 19 साल के 51 हजार दो सौ 64 मतदाता, अमूमन इतने ही वोट से अब तक होती रही है हार-जीत

# लोक सभा चुनाव : 51264 युवा मतदाताओं के हाथ जीत की चाबी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** लोक सभा चुनाव में युवा निर्णायक भूमिका में होंगे। जिले में 51264 युवा मतदाता हैं और अब तक हुए चुनाव में आमतौर पर लगभग इतने ही वोटो से प्रत्याशी की किस्मत का फैसला होता रहा है। ऐसे में युवाओं के हाथों में जीत का चिराग होगा। प्रशासन और राजनेता सभी का युवा मतदान प्रतिशत बढ़ने पर विशेष ध्यान हैं। राजनीतिक दल भी युवाओं पर नजर बनाए हुए हैं। ज्यादा से ज्यादा युवा मतदान में हिस्सा लें इसके लिए शुरू से प्रयास किए जा रहे हैं। क्योंकि राजनीतिक दल भी भली भांति जानते हैं कि जिसके साथ युवा होंगे जीत उसी की होगी। इसलिए युवा मन को टटोलने का प्रयास लगातार हो रहा है। जनसभाओं से लेकर सोशल मीडिया साइट्स पर भी युवाओं को लुभाने वाले वादे किए जा रहे हैं। कोई रोजगार देने की बात कर रहा है तो किसी राजनीतिक दल पर रोजगार छीनने का आरोप लगा रहा है। युवाओं के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रोजगार का मुद्दा है इसलिए ज्यादातर राजनीतिक दल युवा रोजगार की ही बात कर रहे हैं। सभी दल युवाओं को नौकरी देने के साथ-साथ स्टार्टअप शुरू करने पर फोकस करते हुए चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

भाजपा नए मतदाताओं, युवा लाभार्थियों से घर-घर जाकर संपर्क साध रही है। प्रोफेशनल यूथ के बीच पहुंचने की भी रणनीति बनाई गई है। ग्राम पंचायत स्तर पर युवा चौपाल और युवा सम्मेलन की तर्ज पर युवती सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी है। युवाओं से सुझाव लिए जा रहे हैं, जिसे घोषणापत्र में शामिल करने की तैयारी है। पार्टी नव मतदाता सम्मेलन भी चला रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इनसे वर्चुअल संवाद भी किया था।

सपा नई भर्तियों में पुरानी पेंशन देने का वादा कर रही है। शिक्षक भर्ती में इंसाफ दिलाने, पुलिस भर्ती में टेस्ट के बजाय पूर्व की भांति मेरिट से चयन, खाली पदों को भरने का भरोसा दिया जा रहा है।

कांग्रेस की ओर से युवा न्याय गारंटी का वादा किया जा रहा है। इसके तहत हर डिग्री-डिप्लोमा धारक को एक लाख सालाना स्टाइपेंड के साथ अप्रेंटिसशिप का वादा। 30 लाख सरकारी भर्ती, 5000 करोड़ के राष्ट्रीय कोष से जिला स्तर पर युवाओं को स्टार्टअप फंड देकर उद्यमी बनाने का वादा। पेपर लीक की रोकथाम गारंटी करने वाला नया कानून बनाने का भी वादा कांग्रेस की ओर से किया जा रहा है। बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद खुद युवा हैं और लगातार युवाओं को बसपा से जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं।

#### किस वि.स. में कितने युवा वोटर

| विधानसभा क्षेत्र | युवा मतदाता |
|---|---|
| 131- कटरा | 8484 |
| 132-जलालाबाद | 8963 |
| 133-तिलहर | 9210 |
| 134-पुवायां | 8408 |
| 135-शाहजहांपुर | 7586 |
| 136- ददरौल | 8613 |
| योग- | 51264 |



युवाओं में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। मुझे भी पहली बार वोट डालना है। इसको लेकर मैं भी काफी उत्साहित हूं।
**-दीपू कुमार,** बीकॉम फाइनल ईयर




इस बार भारी संख्या में युवाओं ने अपने वोट बनवाए हैं। सभी को बढ़ चढ़कर चुनाव में भागीदारी करनी है।
**-अभिषेक कुमार,** बीकॉम फाइनल ईयर

रमज़ान मुबारक
ग्यारहवां रोज़ा इफ्तार - 22 मार्च 2024
सुन्नी - 06:27 बजे
शिया - 06:35 बजे
बारहवां रोज़ा इफ्तार - 23 मार्च 2024
सुन्नी - 04:47 बजे
शिया - 04:42 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
जाकिया बेगम (प्रधान)
पत्नी
फुरकान अली
ग्राम पंचायत कटिया बुजुर्ग
विकास खंड सिंधौली
जनपद शाहजहांपुर
आफताब
प्रधान पुत्र



शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# आ गए चुनाव, फिर याद आए किसानों के मुद्दे

## वोट के लिए होता है किसानों के मुद्दों पर होमवर्क, जीतने के बाद मुद्दे और किसान दोनों हो जाते हैं बेगाने

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गन्ने का समर्थन मूल्य आज भी मांग के अनुरूप नहीं
- धान खरीद से दूर नहीं हुआ बिचौलियों का खेल

**अमृत विचारः** चुनावी मौसम में एक बार फिर किसान और किसानों के मुद्दे याद आने लगे हैं। नेता गांव-गांव पहुंच कर वोट मांग रहे हैं और किसानों की समस्याओं का हल करने का दावा भी कर रहे हैं।

एक बार फिर किसानों की समस्याओं को लेकर होमवर्क किया जा रहा है। सभी नेता अपने-अपने हिसाब से किसान हितैषी होने की बात कहते हुए वोट मांग रहे हैं। दूसरी ओर किसानों के प्रमुख सात मुद्दे जिले में चुनाव दर चुनाव बने हुए हैं। छुट्टा पशुओं से छुटकारा नहीं मिल सका है, फसलों का एमएसपी आज भी हजारों किसानों को नहीं मिल पाता, धान खरीद से बिचौलियों का सफाया नहीं हो सका, गन्ने का मूल्य आज भी मांग के अनुरूप नहीं है, किसान कर्ज मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। इसी तरह डिफाल्टर किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है, नहरों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है और गांवों की सड़कें आज भी टूटी-फूटी हैं, बेहतर सड़कों का वादा अधूरा है।

सभी पार्टियां किसान हितैषी होने का दावा करती हैं और किसानों की दुर्दशा में सुधार का वादा भी करती हैं। दावों और वादों का यह खेल दशकों से चला आ रहा है। ज्यादातर पार्टियां कहती हैं कि किसानों की समस्याओं का जल्द निदान किया जाएगा, लेकिन यह निदान आज तक नहीं हो पाया है। किसानों की प्रमुख समस्याएं लगातार बनी हुई हैं और जटिल हो रही हैं।

सवाल उठ रहा है कि अगर सभी पार्टियां किसान हितैषी हैं तो किसान आत्महत्या करने को मजबूर क्यों हो रहे हैं। क्यों किसानों की यह शिकायत रहती है कि वह फसल की लागत तक नहीं निकाल पा रहे हैं। यह सवाल भी तभी से खड़ा है जब से राजनीतिक पार्टियों ने किसान हितैषी होने का दावा किया है। किसानों का कहना है कि एमएसपी पर खरीद आज भी नहीं हो पा रही है। किसान और गरीब हो रहा है। हर बार किसानों को अपने पाले में करने के लिए वादे किए जाते हैं, लेकिन यह वादे हकीकत में नहीं बदल पा रहे हैं। किसानों पर कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। हर साल फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान होता है, लेकिन आज भी उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। किसान बार-बार सरकारों की ओर इस उम्मीद से देखते हैं कि शायद इस बार उनकी समस्या का हल हो जाए, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। खेती आज भी घाटे का सौदा मानी जाती है। खेती करने वाले किसान लगातार प्रयास करने के बाद भी गरीबी से नहीं उबर पा रहे हैं।

### जिले के किसानों की प्रमुख समस्याएं

- छुट्टा पशुओं से छुटकारा नहीं मिल सका
- फसलों का एमएसपी आज भी हजारों किसानों को नहीं मिल पाता
- धान खरीद से बिचौलियों का सफाया नहीं हो सका
- गन्ने का मूल्य आज भी मांग के अनुरूप नहीं हो पाया है
- किसान कर्ज मुक्त नहीं हो पा रहा है, डिफाल्टरों की संख्या लगातार बढ़ रही है
- नहरों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है
- गांवों की सड़कें आज भी टूटी-फूटी हैं, बेहतर सड़कों का वादा अधूरा है

### किसान नेताओं की बात



एमएसपी का लाभ आज भी तमाम किसानों को नहीं मिल पा रहा है। धान की सरकारी खरीद में बिचौलियों की घुसपैठ है। लगातार यह समस्या बनी हुई है, लेकिन इसका हल नहीं निकल पा रहा है। सरकार को इस दिशा में कदम उठाने की जरूरत है। **-महेंद्र सिंह**, किसान नेता।



छुट्टा पशुओं की समस्या जिले में लगातार बनी हुई है। सरकार की ओर से प्रयास भी किए जा रहे हैं, लेकिन सड़कों से पशु नहीं हट पा रहे हैं। कई चुनावों में इस समस्या से मुक्ति दिलाने का वादा किया जा चुका है, लेकिन समस्या का हल नहीं हो सका है। **-सचिन मिश्रा**, किसान नेता

# दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद 32 हजार रुपये जुर्माना लगा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महिला को बंधक बनाकर ढाई माह तक किया दुष्कर्म

**अमृत विचारः** न्यायालय विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम, कक्ष संख्या 2 के न्यायाधीश आलोक कुमार शुक्ला ने दुष्कर्म और मारपीट के मामले में दोष सिद्ध होने पर एक अभियुक्त को उम्रकैद की सजा और जुर्माना से दंडित किया है।

रोजा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि 30 नवंबर 2018 की रात दस बजे घर में बच्चों के साथ मौजूद थी। उसके पति बाहर गए हुए थे। उसी समय उसके घर थाना रोजा के गांव बहादुरपुर निवासी रामचंद्र अपने दो मित्रों के साथ घर में घुस आया और उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद तीनों लोगों ने जबरदस्ती उठाकर गाड़ी में डाल लिया। उसके बच्चे रोते चिल्लाते रहे। रामचंद्र उसे गाड़ी से अंजान जगह पर ले गया। वहां पर वह अगले दिन सुबह पहुंची थी। रामचंद्र ने वहां उसे बंधक बनाकर रखा और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और उसे देह व्यापार कराने के लिए मजबूर किया। मना करने पर कई बार मारपीटा व जान से मारने की धमकी दी थी और जातिसूचक गालियां दीं। लगभग ढाई महीने तक उसके साथ रामचंद्र किसान ने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई थी। वह 15 फरवरी 2019 को सुबह सात बजे मौका पाकर भाग आई। 17 फरवरी 2019 को उसने रोजा थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना उपरांत पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और पक्ष विपक्ष के तर्कों को सुनने के बाद अभियुक्त रामचंद्र को उम्रकैद और 32 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# छह दिन से लापता बालिका एक बाबा के पास मिली

संवाददाता, निगोही

- लोगों ने पिटाई कर बाबा को पुलिस के सुपुर्द किया

**अमृत विचारः** पिता को खाना देने खेत पर जाते समय 14 मार्च को लापता हुई बालिका गुरुवार को निगोही में एक पेट्रोल पंप के पास ग्रामीणों को बाबा के पास दिख गई। ग्रामीणों ने बाबा की पिटाई कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। किशोरी के मिलने की सूचना परिजनों को दी गई है।

थाना तिलहर क्षेत्र के एक गांव निवासी 12 वर्षीया बालिका 14 मार्च को अपने पिता के लिए खेत पर खाना लेकर गई थी। वह न तो खेत पर पहुंची न घर लौटी थी। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन बेटी का कोई पता नहीं चल सका।

गुरुवार शाम छह बजे निगोही में एक पेट्रोल पंप के निकट एक बाबा के साथ बालिका को देखा गया। बालिका के गांव के कुछ लोग निगोही में होली की खरीदारी करने आए थे, उन्होंने लड़की को पहचान लिया और बाबा को पकड़ लिया। उसकी पिटाई करने के बाद निगोही पुलिस को सौंप दिया। जिसे निगोही पुलिस ने थाना तिलहर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस बाबा से पूछताछ कर रही है।

> जानकारी करने पर लड़की ने बताया कि उसे भाई ने डांट दिया था, इसलिए वह घर से चली गई। रात भर स्टेशन पर पड़ी रही। जहां उसे बाबा मिल गया। वहीं बाबा का कहना है कि वह लड़की को छोड़ने उसके घर जा रहा था, जबकि लड़की का घर रास्ते में ही पड़ जाता है फिर वह लड़की को लेकर निगोही कैसे पहुंच गया इसे लेकर बाबा से पूछताछ की जा रही है, लड़की के बयान होने के बाद ही परिजनों की सुपुर्दगी में दी जाएगी। **-सुरेंद्रपाल सिंह**, इंस्पेक्टर तिलहर कोतवाली

## एक नजर

### दो लोगों पर रुपए मांगने की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** महिला से दो लोगों के खिलाफ रुपए मांगने और उससे अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। शाहजहांपुर सदर बाजार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिनौर निवासी आरती पुत्री विनोद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया की राशिद खान निवासी पासियाखेड़ा और मौलाना इकबाल 11 मार्च को प्राथमिक विद्यालय पासियाखेड़ा आए और त्योहार के लिए रुपए मांगने लगे। जब उसने मना किया तो आरोपियों ने अभद्र व्यवहार किया और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### 50 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**रोजा।** थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि क्षेत्र के गांव शाहगंज में एक व्यक्ति अवैध रूप से भट्ठी संचालित करके कच्ची शराब बनाकर बेच रहा है। सूचना पर टीम के साथ छापेमारी कर मौके से संजय निवासी शाहगंज को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी अमरपाल भाग गया। पुलिस ने मौके से 50 लीटर कच्ची शराब, दो किलोग्राम यूरिया, भट्ठी व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। वहीं करीब 250 लीटर बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित का चालान कर दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि उस पर दो मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

### शराब तस्करी में महिला सहित दो गिरफ्तार

**कुर्रिया कला।** मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने कच्ची शराब बिक्री निर्माण के विरुद्ध अभियान चलाकर गांव नारायणपुर पाठक निवासी प्रीति पत्नी आकाश के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब एवं गांव गंधार निवासी रमाकांत के मकान से 60 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दोनों के पास से शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। इस दौरान 200 लीटर लहन को नष्ट कर दिया गया।

# होली एकता की प्रतीक, गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखें



जुलूस के रूट का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मंडलायुक्त और आईजी ने पीस कमेटी की ली बैठक, जुलूस के रूट का किया निरीक्षण

**अमृत विचारः** सदर तहसील के सभागार में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, बरेली जोन के पुलिस महानिरीक्षक राकेश सिंह, डीएम उमेश प्रताप सिंह तथा एसपी अशोक कुमार मीणा ने पीस कमेटी की बैठक ली।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से पिछले वर्षों से व्यवस्थाएं अच्छी की गई हैं। उन्होंने सभी से अपील की इसी तरीके से अच्छी व्यवस्थाएं करते रहें और गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखें। छोटे व बड़े लाट साहब का जुलूस अच्छे ढंग से शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। होली का त्योहार एवं जुलूस अच्छे से मनाएं। आईजी राकेश सिंह ने कहा कि यह जुलूस विख्यात है, राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पिछले साल की अपेक्षा इस बार अच्छी तैयारी की गई। इसी तरीके से सभी लोग शिष्टाचार बनाए रखें। उत्साह एवं रंगों का त्योहार है सभी लोग अच्छे से मनाएं। डीएम उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि इन आयोजन की तैयारी नवंबर से ही माइक्रो लेवल पर प्रारंभ कर दी गई थी। उन्होंने आयोजकों से कहा कि युवाओं को समझा बुझा कर रखें। किसी प्रकार की कोई हरकत न करने पाए। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जुलूस मार्ग पर पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो सर्विलांस का कार्य करेंगे। एसपी अशोक कुमार मीणा ने कहा कि जोनल सेक्टर पाइंट देख लिए गए हैं। खुराफातियों पर कार्रवाई कर ली गई और तैयारी सभी पूर्ण हो गई हैं। इस दौरान लोगों ने सुझाव दिए और अधिकारियों ने सुझाव को साझा किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने जुलूस मार्ग का पैदल निरीक्षण किया।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन संजय पांडेय, एडीएम वित्त सुरेश कुमार, नगर आयुक्त विपिन कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र सिंह, सीओ सिटी सौम्या पांडेय आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम व सीओ ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

**पुवायां।** एसडीएम व सीओ ने ग्राम बड़ागांव में सम्भ्रांत लोगों के साथ बैठक की। साथ ही एसडीएम व सीओ ने गांव में पैदल भ्रमण करके जायजा लिया। लाट साहब के जुलूस की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। जुलूस में उपद्रव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार को ग्राम बड़ागांव में एसडीएम संजय पांडेय व सीओ पंकज पंत ने सम्भ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम ने बताया कि छोटे लाट साहब का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकालें। क्योंकि होली का त्योहार आपसी ईर्ष्या मिटाने का त्योहार है। जिसके बाद एसडीएम व सीओ ने पुलिस बल के साथ गांव की प्रत्येक गाली का भ्रमण कर जायजा लिया। सीओ ने बताया कि जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। अगर किसी ने उपद्रव करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते एसडीएम संजय पांडेय व अन्य अधिकारी।

# गन्ना भुगतान के लिए जीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मकसूदापुर

**अमृत विचारः** बंडा के मकसूदापुर स्थित बजाज चीनी मिल द्वारा गन्ना भुगतान में देरी को लेकर भारतीय किसान मजदूर संगठन ने चीनी मिल केन जीएम प्रवीण कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने जल्द ही भुगतान न कराए जाने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी।

भारतीय किसान मजदूर संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को मकसूदापुर स्थित बजाज चीनी मिल पहुंचा। जहां पर चीनी मिल के केन जीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि गन्ने के चालू सत्र के समाप्त हो जाने के बावजूद गन्ना किसानों का एक चौथाई से भी कम भुगतान चीनी मिल द्वारा किया गया है, जो कि मुश्किल से गन्ना छिलाई से लेकर सप्लाई तक के खर्च पूरा करने के लिए भी नाकाफी साबित हुआ है। होली और ईद जैसे महत्वपूर्ण त्योहार सामने होने के कारण किसान आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। संगठन ने अतिशीघ्र किसानों के बकाया गन्ना भुगतान किए जाने की मांग की है। जल्द ही मांग नहीं माने जाने पर चक्का जाम किए जाने की भी चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह, तहसील महासचिव सचिन मिश्रा, प्रेम सागर, रामखिलावन, अंग्रेज सिंह, बलवीर सिंह, सतनाम सिंह व गंगासरन, सर्वेश कुमार, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

- बकाया जल्द से जल्द भुगतान कराए जाने की मांग



मकसूदापुर स्थित चीनी मिल के केन जीएम प्रवीण कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते भाकिमसं के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# महिला का शव दुपट्टे से लटका मिला, हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता, जैतीपुर/शाहजहांपुर

- पांच साल पहले हुई थी शादी मृतका के भाई ने दी तहरीर

**अमृत विचारः** गढ़िया रंगीन कस्बा में एक महिला का शव कमरे में दुपट्टे से फंदे से लटका मिला। दरवाजा अंदर से बंद था। इधर मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले उसकी बहन को प्रताड़ित किया करते थे। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी है।

थाना गढ़िया रंगीन के कस्बा गढ़िया रंगीन निवासी पूरन पाठक की शादी पांच साल पहले 26 वर्षीय मंजू निवासी खमिरया थाना गढ़िया रंगीन के साथ हुई थी। गुरुवार की दोपहर बाद पूरन पाठक कहीं से अपने घर पर आया और पत्नी को आवाज लगायी। वह घर में नहीं दिखी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने खिड़की से देखा तो मंजू का शव कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ था। इस दौरान उसके परिवार और गांव वाले एकत्रित हो गए। लोगों ने दरवाजा तोड़ा और उसे नीचे उतारा। डॉक्टर को बुलाकर दिखवाया तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना मिलने शाम को मृतका की भाई प्रदीप कुमार परिवार वालों के साथ बहन की ससुराल पहुंचा। उन्होंने गढ़िया रंगीन थाने पर सूचना दी। एसओ राजेंद्र कुमार रावल गांव पहुंचे और जानकारी की। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को ससुराल वाले दहेज के लिए मार डाला। एसओ ने बताया कि मायके वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।



गुरुद्वारा पहुंचकर सेवादार से वार्ता करते प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी।

# गुरुद्वारा के स्वामित्व का विवाद गहराया, दूसरे पक्ष ने लगाया तंबू

संवाददाता, तिलहर

- एसडीएम, सीओ फोर्स के साथ पहुंचे मौके पर, वार्ता कर समझाने की कोशिश
- दूसरे पक्ष ने नहीं हटाए तंबू, एहतियातन पुलिस फोर्स किया गया तैनात

**अमृत विचारः** हाईवे किनारे बंथरा स्थित गुरुद्वारा और उसकी जमीन के स्वामित्व को लेकर दो भाइयों के बीच चल रहा विवाद गुरुवार को एक बार फिर गहरा गया। मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद दूसरे पक्ष ने गुरुद्वारा के पास तंबू लगा दिया। सूचना पर एसडीएम सदर ज्ञानेंद्रनाथ, सीओ तिलहर प्रयांक जैन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के द्वारा दोनों भाइयों को समझने के बाद भी आरोपियों ने तंबू नहीं हटाए। विवाद बढ़ने की संभावना को देखते हुए गुरुद्वारे में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

नेशनल हाईवे स्थित गांव बंथरा गुरुद्वारा के सेवादार विशाखा सिंह ने बताया कि उससे पहले उसके पिता गुरुद्वारा के सेवादार थे और गुरुद्वारा की सारी चल अचल संपत्ति गुरुद्वारा के नाम पर दर्ज है। उनका आरोप है कि खुटार क्षेत्र में रहने वाले उनके भाई की गुरुद्वारे की कीमती जमीन पर नजर बिगड़ गई है और वह उस पर कब्जा करना चाहता है। बीते दिनों होला मेले के दौरान भी खुटार क्षेत्र के लोगों ने आकर विवाद करने का प्रयास किया था लेकिन सिख समुदाय के तमाम लोगों ने पुलिस बुलाकर उसे गुरुद्वारे में घुसने से रोक दिया था। सेवादार विशाखा सिंह ने बताया कि खुटार क्षेत्र के भाई सहित तमाम लोगों ने गुरुद्वारे के पड़ोस में स्थित जमीन पर तंबू लगाकर रहना शुरू कर दिया है और वह लोग जबरन गुरुद्वारे पर कब्जा करना चाहते हैं। सूचना पर देर शाम एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ, सीओ प्रयांक जैन व कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने गुरुद्वारा पहुंचकर दोनों पक्षों के लोगों से वार्ता की। इसके बाद भी दूसरे पक्ष ने तंबू नहीं हटाए। विवाद न हो जाए, इसको लेकर गुरुद्वारे में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

> गुरुद्वारे के जमीन को लेकर एक भाई के द्वारा कोर्ट में मुकदमा चल रहा है, जिसमें अभी तक कोई भी निर्णय नहीं आया है। खुटार के रहने वाले भाई और अन्य लोगों को जब तक कोर्ट का निर्णय नहीं आता, तब तक गुरुद्वारे से जाने के निर्देश दिए लेकिन वह लोग नहीं माने। एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। **- ज्ञानेंद्र नाथ**, एसडीएम

खर्च पर निगरानी

## प्रशासन ने सभी प्रत्याशियों को दी रेट लिस्ट, अन्नपूर्णा थाली 300, एक लीटर पानी की बोतल 20 रुपये की

# 10 का ब्रेड पकोड़ा, 10 की चाय और 10 रुपये जुड़ेगा समोसे का खर्च

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तय की गई खर्च की दरें
- राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराई सूची

**अमृत विचारः** चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों के खर्च की दरें तय कर दी हैं। इस बार 10 रुपये की चाय तो 10 रुपये का समोसा प्रत्याशियों को मिलेगा। सिंगल नॉन एसी कमरों की दर औसतन 1150 और डबल बेड रूम की दर औसतन 1550 रुपये निर्धारित की गई है। लोकसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण सामानों की जारी की गई दरों में खाने-पीने की वस्तुओं सहित सभी चुनावी सामानों की दरें तय कर दी गई हैं।

अन्नपूर्णा थाली की कीमत 300 रुपये, एक लीटर पानी की बोतल 20 रुपये, 25 लीटर वाटर कैन 30 रुपये, बर्फ की सिल्ली प्रति नग 350 रुपये में मिलेगी। इसी तरह समोसा 10, ब्रेड पकौड़ा 10, एक लड्डू 10 रुपये, एक चाय की कीमत 10 रुपये रखी गई है। स्पेशल चाय की कीमत 15 रुपये, लंच पैकेट (8 पूड़ी, सब्जी, अचार) 50 रुपये रखी गई है। प्रचार-प्रसार सामग्री के दाम भी तय कर दिए गए हैं। होर्डिंग (लोहे की फ्रेम वाला किराया सहित) 315 रुपये में लगाई जा सकेगी। होर्डिंग (बिना लोहे की फ्रेम वाला किराया सहित) प्रति वर्ग मीटर में 210 रुपये में लगेगी। कार्यालय का किराया नगर क्षेत्र में प्रति वर्ग मीटर 180 रुपये होगा। इसी तरह कार्यालय का किराया अन्य नगर क्षेत्र में प्रति वर्ग मीटर प्रतिमाह 105 रुपये होगा।

### होर्डिंग आदि का खर्च

- होर्डिंग (लोहे की फ्रेम वाला किराया सहित) प्रति वर्ग मीटर- 315.00
- होर्डिंग (बिना लोहे की फ्रेम वाला किराया सहित) प्रति वर्ग मीटर- 210.00
- कार्यालय का किराया नगर क्षेत्र/ प्रति वर्ग मीटर - 180.00
- कार्यालय का किराया अन्य नगर क्षेत्र/ प्रति वर्ग मीटर प्रतिमाह - 105.00
- कार्यालय का किराया ग्रामीण क्षेत्र प्रति वर्ग मीटर - 75.00
- भवन/दुकान का किराया प्रति वर्ग मीटर - 20.00
- वाल पेंटिंग प्रति वर्ग मीटर- 20.00
- अस्थाई पेंटिग प्रति वर्ग मीटर -30.00
- रिक्शा मय लाउडस्पीक प्रतिदिन - 800.00
- रिक्शा एवं माइक्रोफोन एम्पलीफायर एनाउंसर सहित प्रति दिन -1250.00
- फूल गुलाब प्रति किलो - 200.00
- फूल गेंदा प्रति किलो - 100.00
- फूल माला गुलाब प्रति नग - 50.00
- फूल माला गेंदा प्रति नग - 25.00
- फूल माला गजरा गेंदा प्रति नग- 50
- 3-4 व्यक्तियों के लिए विशालकाय स्वागत माला (गेंदा)/ प्रति नग 20 किलो- 1600
- 3-4 व्यक्तियों के लिउ विशालकाय स्वागत माला (गुलाब)/ प्रति नग- 1500

### भोजन आदि की दरें

- भोजन पैकेट (अन्नपूर्णा थाली)- 300.00
- एक लीटर पानी की बोतल- 20.00
- 25 लीटर वाटर कैन- 30.00
- बर्फ की सिल्ली- 350.00
- समोसा/ प्रति पीस- 10.00
- ब्रेड पकौड़ा प्रति पीस- 10.00
- लड्डू प्रति पीस- 10.00
- चाय प्रति कप -10.00
- चाय स्पेशल प्रति कप - 15.00
- लंच पैकेट (8 पूड़ी, सब्जी, अचार) प्रति पैकेट- 50.00

> चुनाव खर्च की दरें निर्धारित कर दी गई हैं। राजनीतिक दलों को सूची उपलब्ध करा दी गई है। सूची के आधार पर चुनाव खर्च जोड़ा जाएगा। **-संजय कुमार पांडेय**, एडीएम प्रशासन

# ईवीएम का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम उमेश प्रताप सिंह ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कैंट स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को देखा। उन्होंने सभी तलों पर सील पैक ताले सहित ईवीएम का रख रखाव, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों का संचालन सभी राजनीतिक पदाधिकारियों के सामने चेक किया। साथ ही डीएम ने जीएफ कॉलेज में ईवीएम के कमिशनिंग कार्य को कक्षों का चिन्हांकन किया और निर्देश दिए कि कक्षों के आसपास बेरिकेडिंग का कार्य पूरा कर लिया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ससमय पूरे किए जाएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

हर दर्द का इलाज करते हैं



डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# व्हाट्सएप कॉल कर बनाई अश्लील वीडियो, 25 हजार की मांगी रंगदारी

## रुपये नहीं देने पर सोशल साइट पर वीडियो वायरल करने की दी धमकी

संवाददाता, खुटार

● परेशान युवक ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** करीब 19 दिन पहले अनजान नंबर से एक युवक के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाली लड़की ने पहले तो अपनी बातों में फंसाया, फिर वीडियो कॉल करके अश्लील वीडियो बना ली। कुछ दिन गुजर जाने के बाद लड़की ने युवक से 25 हजार रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया कि दो मार्च को उसके व्हाट्सएप नंबर पर अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई थी। जिसमें लड़की ने अपना नाम कोमल बताया था। उक्त लड़की निर्वस्त्र होकर अश्लील बातें करने लगी। 20 मार्च को युवक ने उसकी कॉल को रिसीव नहीं किया तो फेक वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने लगी और दूसरे मोबाइल नंबर से कॉल करके 25 हजार रुपये अपने फोन पे नंबर पर डालने की बात कहने लगी लेकिन युवक ने रुपये देने से मना कर दिया। जिस पर लड़की वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगी और क्राइम इंस्पेक्टर से कहकर जेल करा देने की धमकी दे रही है। जिससे युवक काफी परेशान है। गुरुवार को पीड़ित युवक थाने पहुंचा और पुलिस को घटनाक्रम सुनाने के साथ ही मामले की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

> तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। लगातार साइबर अपराध से लोगों को सतर्क भी किया जा रहा है।
>
> -संजय कुमार, थानाध्यक्ष, खुटार

### जागरूक करने के बाद भी ठगे जा रहे लोग

साइबर अपराध पर शिंकजा कसने को सरकार के साथ ही पुलिस-प्रशासन समाज को जागरूक करने का काम कर रहा है। लेकिन अनजान नंबर से आई कॉल के चक्कर में फंसकर युवा साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा पुलिस नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर महिलाओं को अपराध से कैसे बचा जाए इसके प्रति जागरूक कर रही है। इसके बावजूद साइबर अपराध का जाल फैलता जा रहा है।

### कई युवा हो चुके शिकार

इसी तरह कई और युवा अनजान नंबरों से आई कॉल रिसीव करने के बाद फंस चुके हैं जिसमें अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया और पुलिस से शिकायत करने की बात कहकर युवाओं से रुपये वसूले जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार, खुटार नगर, मोहनपुर, इटौआ, पिपरिया अन्य गांव के युवक इसका शिकार हुए हैं।

# दहेज नहीं देने पर रिश्ता तोड़ा, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर कालोनी निवासी गीता देवी ने बताया कि उसने अपनी पुत्री स्वाति की शादी जितिन निवासी याकूबपुर चौराहा थाना जलालाबाद के साथ वर्ष 2022 में तय की थी।

उसने अपनी बेटी की रोक 28 नवंबर 2022 को जितिन के साथ की थी। उसने रोक में एक सोने की चेन व पचास हजार रुपये दिए थे। उसी दिन गोद भराई हुई थी। जितिन के परिवार वालों ने कुछ माह बाद कहा कि दहेज में एक बाइक व दो लाख रुपये की मांग पूरी करो, तभी शादी होगी। पीड़िता गीता देवी ने कहा कि दहेज नहीं दे पाएंगे। इस पर जितिन के परिवार वालों ने शादी करने से मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि जितिन, नितिन, प्रदीप, कुलदीप के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# अब कोटेदार के खिलाफ दर्ज हुई मारपीट की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● उपभोक्ताओं ने तौल में गल्ला कम देने का लगाया आरोप
● एक दिन पहले कोटेदार ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** रोजा थाना क्षेत्र के गांव ऐठा हुसैनपुर में राशन दुकान पर गल्ला वितरण के दौरान हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर कोटेदार सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पहले पुलिस ने कोटेदार की तहरीर पर उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव ऐठा हुसैनपुर निवासी विनोद कुमार ने बताया कि 19 मार्च की सुबह साढ़े आठ बजे वह अपने भाई अनूप कुमार, रामऔतार के साथ सरकारी राशन की दुकान पर गल्ला लेने गए थे। कोटेदार की दुकान पर प्रति यूनिट पर पांच किलोग्राम राशन आता है। आरोप है कि गल्ला तौलने के बाद आधा किलो प्रति यूनिट राशन काट लिया जाता है। विनोद कुमार ने राशन कटौती का विरोध किया। आरोप है कि कोटेदार रमन सिंह व उसके परिवार के लोगों ने विनोद कुमार, अनूप कुमार व रामऔतार को पीटकर घायल कर दिया। कोटेदार ने धमकी दी कि दोबारा गल्ला लेने आए तो जान से मार देंगे। लोगों ने बीच बचाव कराया। पुलिस ने कोटेदार रमन सिंह, बाबूराम, राजकुमार, रामनाथ, मनोज कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं एक दिन पहले कोटेदार रमन सिंह ने विनोद कुमार,अनूप कुमार और रामऔतार के खिलाफ मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# ठेकेदार के मकान में लगी आग से नगदी सहित लाखों का सामान राख

संवाददाता, जलालाबाद



आगजनी के बाद कमरे में जला पड़ा बेड आदि सामान। ● अमृत विचार

● घटना के समय मकान बंद कर ठेकेदार गए थे सामान खरीदने
● मोहल्ले के लोगों ने बमुश्किल आग पर पाया काबू

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला प्रताप नगर में गुरुवार को एक ठेकेदार के मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से घर में रखी नगदी समेत लाखों रुपये कीमत का सामान जल गया। घटना के समय ठेकेदार सामान खरीदने बाजार गए हुए थे। मोहल्ले के लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। राजस्व विभाग ने भी मौका मुआयना कर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी।

मोहल्ला प्रतापनगर निवासी ठेकेदार अभिषेक कुमार दिनकर उर्फ निक्की मकान में अकेले रहते हैं, उनकी पत्नी लखनऊ में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। ठेकेदार गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे मकान में ताला डालकर होली के लिए कुछ जरूरी सामान की खरीदारी करने बाजार चले गए। इधर सुबह करीब 11 बजे मोहल्ले के लोगों ने उनके घर में आग की लपटे उठते देखीं तो हड़कंप मच गया। लोगों ने मकान में खिड़की के रास्ते बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास के साथ ही मकान स्वामी को मोबाइल फोन पर सूचना दी। वह जब तक लौटकर आए तब तक आग की चपेट में आकर घर में लगा एसी, डबल बेड ,सोफा, डेढ़ लाख रुपये, अलमारी, कीमती कपड़े, लैपटॉप, प्रोजेक्टर टीवी एलइडी सहित करीब पांच लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मोहल्ले वालों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। जानकारी मिलने पर तहसीलदार पैगाम हैदर के साथ लेखपाल मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना करने के बाद रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी। आश्वासन दिया कि आग में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अभिषेक ने बताया कि आग शार्ट सर्किट के वजह से लगी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफ्लाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

# चोरी के दो ई-रिक्शा बरामद, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी



हिरासत में चोरी के आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** डेढ़ माह पूर्व गौटिया गांव से चोरी हुए दो ई-रिक्शा को पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी सुधीर पाल ने 12 फरवरी को सेहरामऊ दक्षिणी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन व्यक्ति उसका ई-रिक्शा बुक कराकर सेहरामऊ दक्षिणी लाए थे। रौरा रोड पर तीनों ने उसे धक्का दे दिया और ई-रिक्शा लेकर फरार हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक रोहित सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने गुरुवार की सुबह आठ बजे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी कमल कश्यप निवासी सरायकाइयां थाना रामचंद्र मिशन, शिवम शुक्ला निवासी रौसरकोठी थाना रामचंद्र मिशन, कुलदीप कुमार निवासी मियापुर गौटिया थाना सेहरामऊ दक्षिणी है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दो चोरी के ई-रिक्शा बरामद कर लिए। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक अजय शर्मा, योगेंद्र बहादुर आदि थे।

# हादसे में घायल बालक की इलाज के दौरान मौत

**जैतीपुर, अमृत विचार:** कार की टक्कर से घायल बालक ने इलाज के दौरान गुरुवार को दम तोड़ दिया।

थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर बिहारी निवासी मनवीर का आठ वर्षीय पुत्र शिवम एक सप्ताह पूर्व सुबह आठ बजे गांव में ही चाचा तेजपाल के घर पैदल जा रहा था। तिलहर-जैतीपुर रोड पर कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल बालक को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया। परिवार वालों ने उसे बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान गुरुवार शाम को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत बालक गांव में कक्षा एक में पढ़ता था और चार भाइयों में सबसे छोटा था।



मृतक शिवराम।

# 50 हजार में सौदा कर नाबालिग की करा दी शादी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● जेवर आदि सामान भी ले जाने का आरोप
● कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** नाबालिग का 50 हजार रुपये में सौदा कर उसकी शादी कर दिए जाने के मामले में कलान पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

कलान क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसके माता-पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उसके भाई दिल्ली में काम करते हैं। वह अपनी पत्नी व बहन के साथ गांव में रह रहा है। 14 नवंबर 2023 को वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल चला गया। उसकी 16 वर्षीय बहन घर पर थी।

15 नवंबर को सुबह तीन बजे कुछ रिश्तेदार उसकी बहन को बहला फुसलाकर ले गए। आरोप है कि बहन को कलान क्षेत्र के गांव झकरेली में सिपट्टर सिंह आदि के हाथ 50 हजार रुपये में बेच दिया। आरोप है कि आरोपियों ने घर में रखे बक्से का ताला तोड़कर जेवर आदि भी निकाल लिए। दस दिन बाद वह घर आया तो बहन घर पर नहीं मिली और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। तलाश करने पर पता चला कि उसकी बहन की शादी सिपट्टर के साथ करा दी है। वह झकरेली गांव में बहन से मिलने के लिए गया तो आरोपियों ने उसको पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। उसने थाना कलान, सीओ जलालाबाद को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक प्रशांत चंद्र ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर राजेंद्र, सत्येंद्र, सिपट्टर, उमेश, गुड्डू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

